केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन
शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002
**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**
***(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)***
**"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

**के.मा.शि.बो./शै./सं.स.एवं प्र(शै.एवं प्र.)** **दिनांक 15 सितम्बर, 2015**

**परिपत्र संख्या शैक्षणिक: 61/2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय: के.मा.शि.बो. एवं भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन पर रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रतियोगिता।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन अफ्रीका और भारत के बीच निकट भागीदारी का उत्सव है। यह हमारे साँझे इतिहास और भावी अपेक्षाओं की स्वीकृति की पहचान है। उपनिवेशवाद और रंगभेद के विरूद्ध हमारे संघर्ष से लेकर हम भूमंडलीकृत विश्व की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए एक दूसरे के साथ हैं। हम एक जैसे खतरों जैसे अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद से खतरा, जलवायु परिवर्तन की चुनौती से लड़ते हुए भी, अपने सभी लोगों के सामाजिक आर्थिक प्रगति को मिल कर बढ़ावा दे रहे हैं, और हमारा विश्वास है कि भारत और अफ्रीका एक ही राह पर चल रहे हैं। हमारे मूल्य एक जैसे हैं और हमारे सपने भी एक जैसे ही हैं। भारत-अफ्रीका मंच का चार दिवसीय शिखर सम्मेलन का तीसरा संस्करण 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होगा। यह केवल अतीत पर विचार करने का अवसर ही प्रदान नहीं करेगा अपितु अपने समय के साथ चलते हुए भावी मार्ग को भी परिभाषित करेगा।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भारत अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ मिल कर रचनात्मक अभिव्यक्ति श्रृंखला का आयोजन करेगा।

प्रतियोगिता का पूरा ब्यौरा नीचे दिया गया है:

- प्रविष्टियां तीन वर्गों में जमा करनी होंगी। अर्थात कक्षा I से कक्षा V तक, कक्षा VI से कक्षा VIII तक, कक्षा IX से कक्षा XII तक।
- विद्यालय 21 से 28 सितम्बर 2015 तक दिए गए ब्यौरे अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे।
- विद्यार्थी अपने आप को 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में व्यक्त कर सकते हैं।
- प्रतियोगिता के प्रकार

| क्रम संख्या | वर्ग | प्रतियोगिता | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा I से कक्षा V तक | चित्रकला | भारत-अफ्रीका सम्बन्ध |
| 2. | कक्षा VI से कक्षा VIII तक | निबन्ध/कविता लेखन (500 शब्द सीमा) | भारत और अफ्रीका के बीच इतिहास, संस्कृति और साहित्य के सांझे सूत्र |
| 3. | कक्षा IX से कक्षा XII तक | निबन्ध/कविता लेखन (700 शब्द सीमा) | निम्नलिखित में से कोई एक:<br>1. महात्मा गांधी और अफ्रीका |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 2. अफ्रीका की लोक कथाएं एवं लोक साहित्य<br>3. भारत-अफ्रीका सम्बन्ध आगामी मार्ग |

विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित करके प्रत्येक वर्ग से एक श्रेष्ठतम प्रविष्टि चुनकर के.मा.शि.बो के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करवाने हेतु भेजेंगे।

- प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय प्रत्येक वर्ग में से पांच श्रेष्ठतम प्रविष्टियों को चुनेंगे और उन्हें संयुक्त सचिव और प्रभारी (शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण) के.मा.शि.बो में जमा करवाएंगे।
- क्षेत्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को निम्नलिखित दर से पुरस्कृत किया जाएगा।
  - प्रथम पुरस्कार-15,000 रुपये, द्वितीय प्ररस्कार- 10,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार- 7,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार- 5,000 रुपये, पंचम पुरस्कार- 3,000 रुपये
- राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को निम्नलिखित दर से पुरस्कृत किया जाएगा।
  - प्रथम पुरस्कार- 40,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार- 30,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार- 20,000 रुपये
- क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को प्रतिभा प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।
- क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की विजेता प्रविष्टियों को भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन एवं सचिव, विदेश मंत्रालय के सोशल मीडिया एकाऊन्ट में प्रदर्शित किया जाएगा।
- **रचनात्मक अभिव्यक्ति ृंखला की समय सारिणी:**
  - विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता 21 से 28 नवम्बर तक होगी
  - प्रत्येक वर्ग की श्रेष्ठतम प्रविष्टि को के.मा.शि.बो. के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करवाने की तिथियां **29 सितम्बर से 5 अक्टूकर 2015**
  - क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संयुक्त सचिव एवं प्रभारी शैक्षिक शाखा में परिणाम जमा करवाने की तिथि: **12 अक्टूबर, 2015 तक**
  - शैक्षणिक शाखा द्वारा भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन में परिणाम जमा करवाने की अन्तिम तिथि: **20 अक्टूबर, 2015**
- भारत से बाहर स्थित के.मा.शि.बो. के विद्यालय अपनी प्रतिष्टियां अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में ई-मेल द्वारा जमा करवा सकते हैं।
- सर्वोत्तम प्रविष्टियों का चयन सामग्री की मौलिकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर किया जाएगा। जमा की गई प्रविष्टि की मौलिकता की जांच करने के लिए प्रतिभागी द्वारा दिए गए नम्बर पर सम्पर्क किया जाएगा।
- प्रविष्टि जमा करवाने का प्रपत्र अनुलग्नक I में दिया गया है।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संयुक्त निदेशक से टेलिफोन नं: 011-23215130 पर सम्पर्क करें अथवा praggyasingh.cbse@gmail.com पर ई-मेल करें।

सादर

**डी.टी. सुदर्शन राव**
**संयुक्त सचिव एवं प्रभारी (शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु।
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**संयुक्त सचिव और प्रभारी (शैक्षणिक और प्रशिक्षण)**